Title: Need to connect Azamgarh (Uttar Pradesh) with major cities in the country by train and also provide computerized reservation service there.

डा. बलिराम (लालगंज): मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ रेलवे स्टेशन की ओर दिलाना चाहता हूं। पहले यह स्टेशन छोटी लाईन से जुड़ा हुआ था। सन १९९६ में इसको बड़ी लाईन में परिवर्तित किया गया तथा बाद में कम्प्यूटर आरक्षण द्वारा जोड़ा गया। लेकिन आज तक इस स्टेशन से कलकत्ता, मुम्बई, दिल्ली, मद्रास, जम्मू आदि स्टेशनों के लिए रेल नहीं चलाई गई और न ही कम्प्यूटर को सभी स्टेशनों से जोड़ा गया और न ही वापसी टिकट यहां से मिलता है।

आजमगढ़ रेलवे स्टेशन के नजदीक बनारसी साड़ियां मुबारकपुर में बनती हैं तथा देश-विदेश में जाती हैं। मुबारकपुर, चिरैयाकोट, खरिहानी, मेहनगर, बिन्द्राबाजार, लालगंज, मुहम्मदपुर, रानी की सराय, ठेकमा बाजार बरहद आदि क्षेत्र की जनता देश-विदेश में अपना जीविकोपार्जन करती हैं। ऐसे में आजमगढ़ रेलवे स्टेशन का महत्व और भी बढ़ जाता है, लेकिन सरकार द्वारा इस क्षेत्र की ओर समुचित ध्यान न दिए जाने के कारण यहां की जनता, बुनकर, व्यापारी व नौकरीपेशा वालों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है।

अतः मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि आजमगढ़ रेलवे स्टेशन से मुम्बई, कलकत्ता, दिल्ली, मद्रास, जम्मू व अन्य शहरों के लिए ट्रेनें चलाई जाएं तथा साथ ही सभी स्टेशनों से आने-जाने की कम्प्यूटर द्वारा आरक्षण की सुविधा प्रदान की जाए।